## महत्वपूर्ण एवं खास

### कलेक्टर कार्यालय सारंगढ़ बिलाईगढ़ के लिए निविदा आमंत्रित

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ द्वारा छत्तीसगढ़ के निर्माताओं और उनके अधिकृत विक्रेताओं से फायर वाहन, फेब्रिकेशन, उपकरण एवं आपदा संबंधित सामग्री के खरीदी हेतु कार्यालयीन दिवसों में एक हजार रूपए शुल्क के साथ निविदा बिक्री अंतिम तिथि 3 नवंबर 2023 को दोपहर 2 बजे तक किया जाएगा और 06 नवंबर 2023 को अपरान्ह 3 बजे तक मोहरबंद निविदा जमा किया जाएगा, तत्पश्चात शाम 4 बजे निविदा खोली जाएगी।

### प्रभु श्रीराम के 'छत्तीसगढ़ राम वन गमन पथ' थ्रीडी पोस्टर का वितरण पहले आओ पहले पाओ के तर्ज पर

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** प्रभु श्रीराम जी के छत्तीसगढ़ राम वन गमन पथ का थ्री-डी पोस्टर का निःशुल्क वितरण 6 अक्टूबर को कलेक्टोरेट सारंगढ़ में जनसम्पर्क विभाग द्वारा जिले के श्रीराम जी के अनन्य भक्तों, रामनामी समाजों, रामचरितमानस मंडलियों, इच्छुक नागरिकों, पत्रकारों आदि को किया जाएगा। वितरण पहले आओ, पहले पाओ के तर्ज पर होगा। प्राप्त करने के लिए सहायक सूचना अधिकारी देवराम यादव से मोबाइल नंबर 6232007013 पर संपर्क कर सकते हैं।

### सीजीपीएससी के चेयरमैन बनाए गए डॉ. प्रवीण वर्मा

**रायपुर |** छत्तीसगढ़ लोकसेवा आयोग के सदस्य डॉ. प्रवीण वर्मा को सीजी पीएससी के नए चेयरमैन बनाए गए हैं. वे कल शाम को अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करेंगे. बेमेतरा निवासी प्रवीण वर्मा पूर्व विधायक स्व. डॉ. चेतन वर्मा के पुत्र हैं.सीजीपीएससी के चेयरमैन टामन सोनवानी का कार्यकाल खत्म हो चुका है. वहीं अब डॉ. प्रवीण वर्मा को छत्तीसगढ़ लोकसेवा आयोग के चेयरमैन नियुक्त किए गए हैं.

### परीक्षण में अमानक पाए जाने पर कीटनाशक इमामेक्टिन बेंजोएट के भंडारण/वितरण पर प्रतिबंध

**कोरबा (आरएनएस)।** कीटनाशक औषधि गुण नियंत्रण के अंतर्गत कीटनाशक निरीक्षक करतला द्वारा मेसर्स शैलेन्द्र सेल्स रामपुर करतला से कीटनाशक इमामेक्टिन बेंजोएट का सैंपल लेकर विश्लेषण हेतु भेजा गया था। विश्लेषण में कीटनाशक इमामेक्टिन बेंजोएट को अमानक पाए जाने पर उप संचालक कृषि द्वारा कोरबा जिले में इसके भंडारण एवं वितरण तथा प्रदर्शन पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया गया है।

### महिला सशक्तिकरण केन्द्र के संचालन के लिए 8 संविदा पदों पर मंगाए गए आवेदन

**कोरबा (आरएनएस)।** भारत सरकार ने एकीकृत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम अंतर्गत महिलाओं के सुरक्षा, संरक्षण एवं सशक्तिकरण हेतु एक अम्ब्रेला योजना ''मिशन शक्ति'' की शुरुआत की है। मिशन शक्ति के दिशा-निर्देशों के अनुसार राज्य स्तरीय हब हेतु जिले मे 08 स्वीकृत संविदा पदों की पूर्ति हेतु 23 अक्टूबर 2023 कार्यालयीन समय 05:30 बजे तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। इस सबंध में विस्तृत जानकारी जिले की वेबसाईट व कार्यालय के सूचना पटल पर अवलोकन की जा सकती है।

## अजय केटर्स के व्यवसायिक संस्थान में पाए गए डेंगू के लार्वा, नगर निगम ने की 25 हजार जुर्माने की कार्यवाही

**❒ डेंगू से बचाव के लिए सतर्कता नहीं बरतने वाले लोगों पर जारी रहेगी जुर्माने की कार्यवाही**



**रायगढ़।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन में शहर में डेंगू प्रकोप नियंत्रण की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। नगर निगम द्वारा साफ.-सफाई के साथ ही वार्डों में दवा का छिड़काव और फॉगिंग का कार्य किए जा रहे है। इसी के साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा डेंगू के कारण एवं लक्षण, उसके रोकथाम व बचाव के उपाय के संबंध में एडवायजरी जारी करते हुए लोगों को सतर्कता बरतने हेतु अपील की गई है ताकि डेंगू के बढ़ते प्रकोप को रोका जा सके। उसके बावजूद भी सतर्कता नहीं बरतने वाले लोगों पर चालानी कार्यवाही के निर्देश दिए गए है।

इसी कड़ी में सोर्स रिडक्शन सर्वे टीम द्वारा ढ़िमरापुर स्थित अजय केटर्स के व्यवसायिक संस्थान में 50 से अधिक पात्रों में डेंगू के लार्वा पाये गये। जिससे नगर निगम एवं जिला प्रशासन द्वारा तुरंत संज्ञान में लेते हुये उक्त संस्थान पर 25 हजार जुर्माने की कार्यवाही की गई। ज्ञात हो कि इससे पूर्व भी अजय केटर्स को सर्वे टीम द्वारा रूके हुये पानी के सभी स्त्रोतों को साफ करने हेतु समझाईश दी गई थी। लेकिन उनके द्वारा इस बात को गंभीरता से नहीं लिया गया। डेंगू के फैलने के लिये घातक होने के कारण यह कड़ी कार्यवाही की गई।

**आगे भी चलेगी चालानी कार्यवाही-** डेंगू संक्रमण से बचने का सबसे सरल व आसान तरीका है कि घरों के आस-पास जलजमाव न होने दे और नियमित साफ.-सफाई करते रहें। नगर निगम एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा डेंगू से बचाव के लिए हर संभव उपाय किए जा रहे है। लेकिन जनसामान्य को भी स्वयं जागरूक रहकर इस दिशा में कार्य करना होगा। इसके बावजूद भी अगर कही कोई लापरवाही पायी जाती है तो संबंधित के ऊपर आगे भी चालानी कार्यवाही की जाएगी।

**मच्छर के काटने से होती है कई बीमारियां-** स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि मच्छरों के काटनेसे कई गंभीर बीमारी की चपेट में लोग आ सकते हैं। उन्होंने बताया कि मच्छर के काटने से डेंगू, मलेरिया जैसे विभिन्न बीमारियां होती है। उन्होंने बताया कि जलजमाव और गंदगी के चलते मच्छर पनपते हैं। ऐसे में कोशिश करें की अपने घर के आस पास या मुहल्लों में जलजमाव और गंदगी न होने दे। इसके साथ ही जनसामान्य को भी सजग होना पड़ेगा। अपने घरों के गमले, कूलर में जमा पानी को साफ करें। तेज बुखार होने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर जांच करायें।

## मानसून विदाई के पहले होने लगी गुलाबी ठंड का एहसास



**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में अभी मानसून की विदाई हुई नहीं है, लेकिन मौसम में गुलाबी ठंड का एहसास घुलने लगा है। देर रात के साथ ही सुबह-सुबह गुलाबी ठंड महसूस हो रही है। दूसरी ओर मौसम विभाग ने प्रदेश में एक बार फिर से बदली-बारिश की संभावना जताई है।

छत्तीसगढ़ में आमतौर पर 15 अक्टूबर के बाद मानसून की विदाई हो जाती है। अक्टूबर का प्रथम सप्ताह खत्म होने को है। इस लिहाज से आगामी 10 दिनों के अंदर प्रदेश से मानसून की विदाई संभावित है। प्रदेश में मानसून अभी विदा नहीं हुआ है, लेकिन मौसम में गुलाबी ठंड का एहसास अभी से होने लगा है। प्रदेश में नवरात्रि-दशहरा के साथ ही गुलाबी ठंड की दस्तक होती है। लेकिन इस वर्ष गुलाबी ठंड का एहसास अभी से होने लगा है। दूसरी ओर मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में अभी बदली-बारिश की संभावना बनी हुई है। मौसम विभाग ने जो चेतावनी जारी की है, उसके मुताबिक प्रदेश के कुछ हिस्सों में येलो और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने जशपुर, सरगुजा और रायगढ़ में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है, तो वहीं कोरिया, सूरजपुर और जांजगीर में हल्की से मध्यम बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। देश से मॉनसून की वापसी का सिलसिला शुरू हो चुका है।

मौसम विभाग के मुताबिक, राजस्थान से मॉनसून की विदाई हो गई है। इस बीच उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड से लेकर ओडिशा और तमिलनाडु तक देश के कई राज्यों में बारिश का सिलसिला देखने को मिल रहा है। उत्तर भारत के मौसम में बदलाव से पिछले कुछ दिनों से जारी उमस में कमी आने के साथ तापमान में भी गिरावट देखने को मिली है।

## कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने निर्वाचन प्रशिक्षण का आकस्मिक निरीक्षण किया



**सारंगढ़ बिलाईगढ़ ।** आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के मद्देनजर जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के तीनों विकासखंड सारंगढ़, बिलाईगढ़ और बरमकेला में निर्वाचन प्रशिक्षण कार्यक्रम 05 अक्टूबर से प्रारंभ हुआ है, जो 6 एवं 7 अक्टूबर को भी सुचारू रूप से होगा। कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने शासकीय लोचन प्रसाद पांडेय महाविद्यालय सारंगढ़ और शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरमकेला के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आकस्मिक निरीक्षण किया। बरमकेला में कलेक्टर ने कहा कि निर्वाचन महत्वपूर्ण कार्य है। इसे गंभीरता से लेते हुए कार्य करें। मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसे सावधानीपूर्वक समझते हुए ग्रहण करें। उन्होंने मास्टर ट्रेनरों से कहा कि वीवीपैट, ईवीएम, कंट्रोल यूनिट का प्रयोग करके दिखाएं। इसके साथ ही मॉक टेस्ट भी करें। उन्होंने कहा कि यह निर्वाचन के प्रशिक्षण का प्रथम चरण है। उन्होंने मतदान दल में शामिल अधिकारी-कर्मचारी को उनके कार्य व दायित्व के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को अपने कार्य का सफलतापूर्वक संपादन करने के लिए पूरी गंभीरता के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करने कहा। निर्वाचन को विशेष प्राथमिकता वाला कार्य बताते हुए त्रुटि रहित ढंग से करने कहा। इस अवसर पर स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बरमकेला के नोडल अधिकारी नरेश चौहान उपस्थित थे।

## शहर के आवारा मवेशियों को शिफ्ट किया जाता है संबलपुरी गौठान में, अभी रखे गए हैं 225 पशु

**❒ पशु पालन विभाग से नियमित स्वास्थ्य जांच के लिए 5 लोगों की लगी है ड्यूटी**

**❒ 27 सितंबर को लगाया था मेडिकल कैंप**





संबलपुरी गौठान में मवेशियों की नियमित जांच की जाती है।

**रायगढ़।** संबलपुरी के गौठान में शहर के आवारा मवेशियों को शिफ्ट कर उनकी देखभाल की जाती है। जिससे शहर में भी यातायात व्यवस्था सुचारू हो और मवेशी भी सुरक्षित रहें। यहां उनके चारे पानी के साथ नियमित रूप से स्वास्थ्य जांच का इंतजाम किया जाता है। गौठान में वर्तमान में 225 पशुओं को रखा गया है। पशुपालन विभाग द्वारा यहां पशुओं के नियमित स्वास्थ्य जांच के 5 लोगों की ड्यूटी लगाई गई है। बीते 27 सितंबर को गौठान में वृहत हेल्थ कैंप लगाया गया था। साथ ही पशुओं के देख-रेख के लिए नगर निगम द्वारा युवा संगठन समिति को जिम्मेदारी दी गई है

संबलपुरी गौठान में मवेशियों के लिए पर्याप्त मात्रा में चारे की भी व्यवस्था है। नगर निगम आयुक्त सुनील चंद्रवंशी ने बताया कि नियमित रूप से चारे का इंतजाम किया जा रहा है। वर्तमान में गौठान में 40 क्विंटल पैरा कुट्टी और 55 क्विंटल चोकर उपलब्ध है। सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से यहां हरी सब्जियों का भी इंतजाम किया जाता है।

उप संचालक पशुपालन विभाग डॉ.जायसवाल ने बताया कि बीते 27 सितंबर को गौठान में वृहत जांच शिविर लगाया गया था। इसमें रूटीन जांच और टीकाकरण किया गया है। गौठान में स्वास्थ्य जांच के लिए एक पशु चिकित्सक सहित 5 लोगों की ड्यूटी लगाई गई है।

## निर्वाचन की ट्रेनिंग पूरी गंभीरता से करें मास्टर ट्रेनर -कलेक्टर

**❒ ट्रेनिंग पार्टिसिपेटरी होनी चाहिए, निर्वाचन प्रक्रिया में शंका होने पर तत्काल करें दूर**

**❒ ईवीएम के संबंध में दे बेहतर ट्रेनिंग, टीम भावना से निर्वाचन का कार्य होगा सफल**



**रायगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तारन प्रकाश सिन्हा आज कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में आयोजित मास्टर ट्रेनरों की मतदान प्रक्रिया प्रशिक्षण में शामिल हुए।

कलेक्टर सिन्हा ने सभी अधिकारियों को कहा कि हमें टीम भावना के साथ कार्य करते हुए निर्वाचन प्रक्रिया को संपन्न करवाना हैं, जिसमें सभी का सहयोग महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि ट्रेनिंग में मौजूद कई अधिकारियों को निर्वाचन कार्यों का लंबा अनुभव होगा, लेकिन इस बार निर्वाचन में कई परिवर्तन हुए हैं। ट्रेनिंग का मतलब अपने नॉलेज को अपडेट व रिफ्रेश करना हैं। सभी अधिकारी निर्वाचन की ट्रेनिंग को गंभीरता से लेते हुए, बेहतर तरीके से ट्रेनिंग प्राप्त कर पीठासीन अधिकारी, मतदान दल, अधिकारी क्रमांक 1, 2 एवं 3 को ट्रेनिंग दे। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव, अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय भी उपस्थित थे।

प्रशिक्षण में कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि ट्रेनिंग में निर्वाचन के अनुभव वाले लोगों के साथ नए अधिकारी भी जुड़े हैं। इसलिए ट्रेनिंग पार्टिसिपेटरी होनी चाहिए, जिसे निर्वाचन से संबंधित प्रश्न, शंका हो उसे तत्काल प्रशिक्षण में समाधान कर ले। जिससे आप निर्वाचन कार्य में अनावश्यक परेशानी से बचेंगे। इसके साथ ही पीठासीन अधिकारी निर्देशिका का अच्छे से अवलोकन करें, जिससे आपकी शंकाएं दूर होगी।

कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि निर्वाचन में मतदान प्रक्रिया के दौरान ईवीएम से संबंधित परेशानी देखी जाती हैं, लिहाजा ट्रेनिंग में जानकारी के साथ प्रैक्टिकल के लिए पर्याप्त मात्रा में ईवीएम रख कर सभी को ईवीएम, वीवीपीएटी जोडऩे के संबंध में अच्छे से प्रशिक्षण देने के निर्देश जिला मास्टर ट्रेनर राजेश डेनियल को दिए। उन्होंने मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण के पश्चात बेसिक प्रश्नावली के माध्यम से परीक्षा लेने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन में अनुशासन महत्वपूर्ण है, अनुशासनहीनता करने पर शीघ्र कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने सभी को निर्वाचन प्रक्रिया को गंभीरता से लेने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कुछ दिनों पश्चात आचार संहिता लग जाएगी, लिहाजा सभी अधिकारियों को पूरा निर्वाचन कार्यों में फोकस करने के निर्देश दिए।

## गोबर पेंट से सवा 6 करोड़ की आय : गौठानों में संचालित उद्यम से महिला समूहों को हुआ 182.49 करोड़ की आय



**रायपुर।** गौठानों से जुड़ी महिला स्व-सहायता समूहों को अब विविध आयमूलक गतिविधियों के संचालन के साथ-साथ गोबर से प्राकृतिक पेंट के उत्पादन से भी अतिरिक्त आय होने लगी है। गोबर से निर्मित प्राकृतिक पेंट, डिस्टेम्पर और पुट्टी से महिला समूहों को अब तक 6 करोड़ 25 लाख रूपए की आय हुई है।

वर्तमान में गोबर से प्राकृतिक पेंट बनाने के लिए गौठानों में 53 यूनिटें स्थापित की जा चुकी है, जिसमें से 51 यूनिटों में गोबर से प्राकृतिक पेंट उत्पादन किया जा रहा है। क्रियाशील यूनिटों के माध्यम से अब तक 2,76,935 लीटर प्राकृतिक पेंट, 1,17,425 लीटर डिस्टेम्पर तथा 14,405 किलो पुट्टी का उत्पादन किया गया है, जिसमें से 2,20,308 लीटर प्राकृतिक पेंट, 92,601 लीटर डिस्टेम्पर तथा 13,195 किलो पुट्टी के विक्रय से कुल 6 करोड़ 25 लाख एक हजार रूपए की आय हुई है।

गौठानों में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए 300 रूरल इंडस्ट्रियल पार्क स्थापित किए गए हैं, जहां महिला समूहों एवं ग्रामीण उद्यमियों द्वारा विविध प्रकार की आयमूलक गतिविधियां संचालित की जा रही है। महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा गौठानों में वर्मी खाद का उत्पादन सामुदायिक बाड़ी से सब्जी उत्पादन, मशरूम उत्पादन, मछली, बकरी, मुर्गी पालन, पशुपालन, गोबर, दीया, गमला, अगरबत्ती तथा अन्य गतिविधियां संचालित की जा रही है, जिससे महिला समूहों को आय हो रही है। गौठानों से 18,386 महिला स्व-सहायता समूह जुड़े हैं, जिनकी सदस्य संख्या 2,16,472 है। आयमूलक गतिविधियों से महिला समूहों 182 करोड़ 49 लाख रूपए की आय हो चुकी है।

## चक्रधरनगर पुलिस की शराब रेड कार्यवाई में 25 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार



**रायगढ़।** दिनांक 05.10.2023 को चक्रधरनगर पुलिस ने ग्राम गोवर्धनपुर नाला के पास शराब रेड कार्रवाई कर 25 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी राजु भगत पिता पुनीराम भगत उम्र 20 वर्ष ग्राम गोवर्धनपुर का रहने वाला है। गिरफ्तारी के बाद चक्रधरनगर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34(2),59(क) के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

जानकारी के मुताबिक थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेर को आज सुबह मुखबीर ने सूचना दिया कि ग्राम गोवर्धनपुर नाला के पास एक व्यक्ति व्यापक पैमाने पर महुआ शराब अवैध बिक्री करने के उदेश्य से लेकर खडा है । मुखबीर सूचना पर थाना प्रभारी द्वारा थाने के स्टाफ को छापेमारी के लिये रवाना किया गया, छापेमारी में आरोपी राजु भगत निवासी गोवर्धनपुर के कब्जे से दो 10-10 लीटर प्लास्टिक जरकीन में भरा करीब 20 लीटर एवं एक लाल 05 लीटर प्लास्टिक जरकीन में भरा करीब 05 लीटर कुल 25 लीटर महुआ शराब कीमती 2,500/- रूपये का बरामद हुआ जिसकी जप्ती कर आरोपी को मय शराब थाने लाया गया। थाना चक्रधरनगर में आरोपी राजू भगत पर आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। शराब रेड कार्रवाई में थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेर के साथ प्रधान आरक्षक रवि किशोर साय, आरक्षक चन्द्र कुमार बंजारे, अभय यादव शामिल थे।

## नवीन 725 समितियों के भवन व गोदाम निर्माण के लिए प्रदान किए गए 185 करोड़ रूपए: अपेक्स बैंक अध्यक्ष बैजनाथ चन्द्राकर

**❒ प्राथमिक कृषि सहकारी साख समिति के अध्यक्षगणों का दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न**



**रायपुर ।** अपेक्स बैंक के अध्यक्ष बैजनाथ चन्द्राकर ने कवर्धा जिले के प्राथमिक कृषि सहकारी साख समिति (पैक्स) के अध्यक्षगणों का दो दिवसीय प्रशिक्षण सत्र को सम्बोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सरकार की नीतियों और योजनाओं से छत्तीसगढ़ की सहकारिता और अधिक सुदृढ़ हुई है। यह दो दिवसीय प्रशिक्षण छत्तीसगढ़ सहकारी प्रशिक्षण संस्थान पंडरी रायपुर में 03 एवं 04 अक्टूबर को आयोजित हुआ।

अपेक्स बैंक के अध्यक्ष बैजनाथ चन्द्राकर ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पांच वर्ष के कार्यकाल में राज्य में सहकारी समितियों की संख्या 1333 से बढ़कर 2058 हो गई है। इसी प्रकार सहकारी बैंकों की शाखाएं 276 से बढ़कर 329 हो गई है। नवीन 725 समितियों के भवन एवं गोदाम निर्माण के 185 करोड़ रूपए प्रदान किए गए है। उन्होंने कहा कि सहकारी समितियों को 217 करोड़ रूपए की क्षतिपूर्ति राशि दी गई है। किसानों की सुविधा के लिए धान उपार्जन केंद्रों की संख्या पहले 1995 थी जो अब 2617 हो गई है। प्रदेश के दूरस्थ तथा वनांचल क्षेत्रों में सहकारी बैंकों की शाखाएं खोली गई और अब तक 192 एटीएम लगाए जा चुके है।

बैजनाथ चन्द्राकर ने सभी समिति अध्यक्षों से कहा कि आगामी धान खरीदी की तैयारी कर ली जाए। उन्होंने कहा कि उपार्जन केंद्रों में किसानों को धान विक्रय करने में किसी भी तरह की असुविधा नहीं होनी चाहिए। प्रशिक्षण में कवर्धा जिले के सोसाइटियों से 45 अध्यक्षों को प्रशिक्षण दिया गया। विषय विशेषज्ञों द्वारा नेतृत्व तथा क्षमता विकास और समितियों के विधिसम्मत कार्य संचालन का प्रशिक्षण दिया गया

इस अवसर पर अपेक्स बैंक के डीजीएम एवं प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक भूपेश चंद्रवंशी, उप निदेशक ए.के. लहरे, एजीएम अजय भगत, प्रबंधक अभिषेक तिवारी, लेखा अधिकारी प्रभाकर कांत यादव भी मौजूद थे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480